# श्री राम नाम गुण गाए जा भजन लिरिक्स

गाए जा गाए जा,
श्री राम नाम गुण गाए जा,
राम नाम गुण गा गा कर,
जीवन सफल बनाए जा।bd।

---

जीवन का आधार राम है,
सब वेदों का सार राम है,
शक्ति दायक नाम राम है,
मुक्ति प्रदायक नाम राम,
राम नाम को ही अपना कर,
रसना रसमय बनाए जा,
गाए जा गाए जा,
श्री राम नाम गुण गाये जा।bd।

---

राम नाम की माला जपना,
नेक कर्म से कभी ना हटना,
जब भी मन उदास हो तेरा,
यही मंत्र हर पल ही जपना,
मनवाणी को शुद्ध बनाकर,
प्रभु से प्रीत बढ़ाए जा
गाए जा गाए जा,
श्री राम नाम गुण गाये जा।bd।

---

मंगल दायक नाम राम का,
सुखकारी है नाम राम का,
सरल बड़ा ही राम नाम है,
चिंता हारी नाम राम है,
मंगलकारी अमंगल हारी,
नाम सदा अपनाए जा,
गाए जा गाए जा,
श्री राम नाम गुण गाये जा।bd।

---

शरणागत वत्सल मेरे राम,
राम जपो दु:ख मिटे तमाम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मन वाणी से निकलेगा जब,
श्री राम जय राम जय जय राम,
राम नाम की माला हर पल,
मन में ‘श्याम’ फिराये जा,
गाए जा गाए जा,
श्री राम नाम गुण गाये जा।**bd।**

---

गाए जा गाए जा,
श्री राम नाम गुण गाए जा,
राम नाम गुण गा गा कर,
जीवन सफल बनाए जा।**bd।**

रचना व गायन – घनश्याम मिढ़ा।
भिवानी (हरियाणा)
**9034121523**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com